# पूर्णियाँ विश्वविद्यालय, पूर्णियाँ

अध्यक्ष छात्र कल्याण

बिहार-854301 Email ID :- dsw@purneau.ac.in

पत्रांक :- PUP (10/25 Acd) – DSW-139/25 दिनांक:- 08.09.2025

## U.G. सत्र 2025-2029 नामांकन सूचना

चार वर्षीय B.A. /B.Sc. /B.Com. Under Graduate (C.B.C.S.) कोर्स, सत्र 2025-2029 में नामांकन के इच्छुक छात्र -छात्राओं को निर्देशित किया जाता है कि दिनांक **09/09/2025** से **12/09/2025** तक विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपने रजिस्टर्ड ईमेल आईडी और पासवर्ड के माध्यम से पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन नामांकन आवेदन को edit या modify किया जा सकता है। विश्वविद्यालय वेबसाईट पर विषयवार महाविद्यालयों के नामांकन हेतु उपलब्ध रिक्त सीटों को प्रदर्शित कर दिया गया है। छात्र -छात्राओं को सलाह दी जाती है कि ऑनलाइन नामांकन आवेदन को edit या modify करने से पूर्व विषयवार महाविद्यालयों के नामांकन हेतु उपलब्ध रिक्त सीटों का अध्यन भलीभार्ति कर लें क्योंकि नामांकन आपके द्वारा चुने गये विकल्प पर ही निर्भर करेगा। विज्ञान संकाय में जूलॉजी, आर्ट्स संकाय में इतिहास, राजनीति विज्ञान, भूगोल, संगीत, हिंदी, उर्दू में कटऑफ काफी ऊपर जा रही है, अतः ऐसे में सलाह दी जाती है कि इन विषयों के स्थान पर उपलब्ध रिक्त सीटों के आधार पर अन्य विषय चुन सकते हैं अथवा वाणिज्य संकाय को नामांकन हेतु चुना जा सकता है।

नामांकन के लिये यह अंतिम राउंड होगा। यह राउंड सिर्फ ऐसे आवेदकों के लिये है जिनका चयन तृतीय मेधा सूची में नही हुआ था। अर्थात् जिन्होंने तृतीय सूची में चयन होने पर भी नामांकन नही कराया उन्हें अंतिम राउंड में नामांकन का मौका नही दिया जायेगा।

यदि कोई व्यक्ति आपसे रुपया लेकर नामांकन कराये जाने का दावा करता है तो यह सिर्फ आपसे रुपया प्राप्त करने का षडयंत्र मात्र है। अतः छात्र -छात्राओं को पुनः सलाह दी जाती है कि वें किसी लोभ अथवा बहकावे में आकर अपने अंक बढ़ाकर या गलत जाति के द्वारा नामांकन लेने की व्यर्थ कोशिश न करें। सभी महाविद्यालयों में प्रधानाचार्य के नेतृत्व में डाक्यूमेंट्स वेरिफिकेशन सेल के सदस्यों द्वारा अंक पत्रों एवं सभी प्रमाणपत्रों की गहनता से जांच की जा रही है। गलत पकड़े जाने पर पुलिस कार्यवाही की जायेगी।

**Important Dates:**

| | | |
|---|---|---|
| Samarth Portal open for Edit/ Modify | : | 09/09/2025 to 12/09/2025 |
| Admission on Last Round | : | 18/09/2025 to 20/09/2025 |

माननीय कुलपति के आदेशानुसार

08/09/25

अध्यक्ष छात्र कल्याण